आचार्य महाप्रज्ञ स्मृति-सभा

'महाप्रज्ञ कहीं नहीं गये, वे हमारे सामने हैं'

– मुनि धर्मचन्द 'पीयूष'

जयपुर : 12 मई , 2010

''आचार्य महाप्रज्ञ के गुण, उनकी साधना, उनका विशद् ज्ञान, अवदान तथा उनकी करुणा, मृदुता आदि इतने आयाम हैं कि उनका वर्णन करना सम्भव नहीं है। 67 वर्ष पूर्व साधुजीवन में प्रवेश के साथ ही मुझे महाप्रज्ञ जी के सान्निध्य में रहने का सौभाग्य मिला था। यद्यपि उस समय उनकी उम्र अधिक नहीं थी किन्तु उनकी प्रतिभा इतनी प्रखर थी कि सभी आश्चर्यचकित थे। आज हम देखते हैं न केवल तेरापंथ धर्मसंघ के कण-कण में अपितु जन-जीवन के हर क्षेत्र में आचार्य श्री महाप्रज्ञ के संदेश लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वस्तुत: वे कहीं नहीं गये, उनका भौतिक शरीर भले ही पंचतत्त्व में विलीन हो गया हो; किन्तु उनका यशोमय शरीर आज भी हमारे सामने है।'' ये उद्‌गार तेरापंथ धर्म-संघ के वरिष्ठ संत मुनि धर्मचन्द 'पीयूष' ने आज यहाँ व्यक्त किये। वे श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, अणुविभा, महिला मण्डल, युवक परिषद् तथा अन्य संस्थाओं द्वारा स्थानीय अणुविभा जयपुर-केन्द्र में आयोजित आचार्य महाप्रज्ञ की स्मृति-सभा में बोल रहे थे।

विदुषी साध्वी संघमित्रा ने श्रद्धाभाव प्रकट करते हुए कहा कि महाप्रज्ञ जैसी विभूतियाँ इस धरती पर सदियों बाद जन्म लेती हैं। महाप्रज्ञ ने अपने उच्च आदर्शों के ऐसे पदचिन्ह काल के भाल पर अंकित किये हैं कि वे युग-युग तक अमिट रहेंगे। इसी क्रम में साध्वी श्री फूलकुमारी, साध्वी श्री सरस्वती, साध्वी श्री मधुबाला मुनि श्री मुनिव्रत, मुनि श्री अशोककुमार आदि साधु-साध्वियों ने भी गीतिकाओं, कविताओं आदि के माध्यम से दिवंगत महान् आत्मा के प्रति भक्तिपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कीं। मुनि श्री रश्मिकुमार ने महाप्रज्ञ के उत्तराधिकारी आचार्य श्री महाश्रमण का धर्म संघ के नाम जारी संदेश का वाचन किया।

इससे पूर्व जयपुर की महापौर श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, सांसद श्री महेश जोशी, अल्प संख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह, सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष श्री सवाईसिंह, खरतरगच्छ संघ के श्री हरिश्चन्द्र कोठारी, राजस्थान जमायते इस्लामी के महामंत्री जनाब मोह. नजीमुद्दीन, अखिल भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष श्री टी.सी. राहुल, तपागच्छ संघ के श्री नरेन्द्रकुमार लूणावत, जवाहर नगर श्वेताम्बर संघ के अध्यक्ष श्री सी.एस. बरला, वर्द्धमान स्थानकवासी श्रावक संघ के अध्यक्ष श्री विमलचन्द डागा, पूर्व न्यायाधिपति श्री पानाचन्द जैन, ज्वेलर्स एसोशियेसन के अध्यक्ष श्री निर्मल बरड़िया, पूर्व महानिदेशक-पुलिस श्री अरुण दूगड़, राष्ट्रीय कांग्रेस के श्री संजय बापना, प्रोफेसर अशोक बापना, राजस्थान जैन सभा के श्री महेन्द्र कुमार पाटनी, अणुविभा जयपुर केन्द्र के श्री राजेन्द्र बरड़िया, महामंत्री श्री ओमप्रकाश जैन, महाप्रज्ञ सेवा प्रकल्प के श्री नरेश मेहता, जैन विश्व भारती के पूर्व अध्यक्ष एवं कुलपति श्री सिद्धराज भण्डारी, महाप्रज्ञ इन्टरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष श्री पन्नालाल बैद, तेरापंथ महिला मण्डल शहर की अध्यक्ष श्रीमती मधु सामसुखा, सी स्कीम-अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, युवक परिषद् के अध्यक्ष सुधीर चोरड़िया एवं आयोजक संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित अनेक लोगों ने आचार्य श्री महाप्रज्ञ के विशिष्ट योगदान की चर्चा करते हुए उन्हें अपनी भावभरी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का संयोजन श्वेताम्बर जैन संघ के महामंत्री श्री राजकुमार बरड़िया ने किया। लोगस्स के मौन जप एवं मुनिश्री के मंगल पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ।

— सुधीर चोरड़िया